**E-Mail**

बिहार सरकार

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संख्या :–** 17 –प्लॉटर (AMC)–168/2018 ...2765...

प्रेषक,

**मुकुल कुमार,**
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 15-09-2021

विषय :– राज्य के विभिन्न जिलो के अन्तर्गत सदर अंचलों में पूर्व से अधिष्ठापित प्लॉटर मशीनों के रख–रखाव (AMC) हेतु निविदा विज्ञापन प्रकाशन कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि केन्द्र प्रायोजित योजना (DILRMP/ NLRMP) के अन्तर्गत आम रैयतों/भू–धारियों को डिजिटाज्डि मानचित्र की आपूर्ति हेतु बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना के साथ–साथ राज्य के 34 जिलो के 37 स्थानो (सदर अचंल एवं अनुमंडल कार्यालयों) पर प्लॉटर मशीन का अधिष्ठापन कराया गया है। उक्त मशीनों का वारंटी अवधि समाप्त हो चुका है। अतएव इन प्लॉटर मशीनों के वार्षिक रख–रखाव हेतु AMC कराने हेतु निविदा सूचना तैयार किया गया है।

अतः अनुरोध है कि इस पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचना को राज्य के प्रमुख हिन्दी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों में दिनांक ...17.9.21... को प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक :–** निविदा सूचना।

विश्वासभाजन

15/9/21

**(मुकुल कुमार)**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :–** 17 –प्लॉटर (AMC)–168/2018 ...2765... पटना, दिनांक :– 15-09-2021

**प्रतिलिपि :–**उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को सूचनार्थ प्रेषित।

15/9/21

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :–** 17 –प्लॉटर (AMC)–168/2018 ...2765... पटना, दिनांक :– 15-09-2021

**प्रतिलिपि :–**श्री राजेश कुमार सिंह, पी0आर0ओ, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/9/21

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :–** 17 –प्लॉटर (AMC)–168/2018 ...2765... पटना, दिनांक :– 15-09-2021

**प्रतिलिपि :–** आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित।

15/9/21

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय**
बिहार, पटना

## निविदा आमंत्रण सूचना

केन्द्र प्रायोजित योजना DILRMP/NLRMP के अन्तर्गत बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना सहित राज्य के 34 जिलों के 37 स्थान (सदर अंचल/अंचल एवं अनुमंडल कार्यालयों) से आम नागरिको/रैयतो/भू–धारियों को डिजिटाईज्ड राजस्व मानचित्रों की आपूर्ति हेतु (Cannon -33 / HP-09 / Kip-04) प्लॉटर मशीनों का अधिष्ठापन वर्ष 2014 से 2017 के बीच कराया गया है।

उक्त प्लॉटरों का अधिष्ठापन उपरान्त वारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है। वर्णित परिस्थिति में इन प्लॉटरों के वार्षिक रख–रखाव (Annual Maintenance Contract) की आवश्यकता है। AMC हेतु इच्छुक उत्पादकों/अधिकृत प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्त्ताओं/एजेंसियों से निम्नाकिंत तालिकानुसार मुहरबंद लिफाफों में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No. | Name of Plotter | Rate for One Year | | Rate for Three Year | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | With Spare Parts | Without Spare Parts | With Spare Parts | Without Spare Parts |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Cannon Plotter IPF-765 | | | | |
| 2 | HP Plotter HP-T520 | | | | |
| 3 | HP Plotter HP-T920 | | | | |
| 4 | HP Plotter HP-T2500 | | | | |
| 5 | Kip 700M A0 size Multifunction Plotter | | | | |

इच्छुक निविदादाताओं से अनुरोध है कि निविदा प्रस्ताव सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक 8.10.2021 के अपराह्न 12.00 बजे तक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप बिहार, पटना के नाम से सर्वे भवन, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में कार्यालय अवधि में समर्पित करेगें। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त निविदा को निविदा समिति के समक्ष दिनांक 8.10.21 को अपराह्न 3.00 बजे खोला जायेगा। उक्त निर्धारित तिथि को निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा।

## निविदा की शर्त्ते

1. निविदा दो भागों में यथा तकनीकी एवं वित्तीय भाग में अलग–अलग मोहरबंद लिफाफों में दाखिल किया जाय एवं दोनों लिफाफों पर स्पष्ट रूप से तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा का उल्लेख किया जाय। इस शर्त्त का अनुपालन नहीं किये जाने पर तत्काल निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

2. निविदा के साथ संबंधित उत्पादकों/अधिकृत प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्त्ताओं/एजेंसियों का आयकर/जी0एस0टी0 में पंजीकृत/निबंधित होने का प्रमाण–पत्र के साथ–साथ विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न की प्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगें।
3. संबंधित मशीन की सर्विसिंग/अनुरक्षण हेतु कंपनी का अधिकृत (Authorization) होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. निविदादाताओं को तकनीकी निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 25,000/–(पचीस हजार) रुपये मात्र का बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के नाम से संलग्न करना अनिवार्य है।
5. उत्पादकों/अधिकृत प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्त्ताओं/एजेंसियों/निविदादाता अपना दर निविदा में सभी कर सहित प्रति प्लॉटर उल्लेख करते हुए, निविदा समर्पित करना सुनिश्चित करेगें।
6. सफल निविदादाताओं को AMC के पश्चात् Preventive & Corrective Service अथवा Regular Interval पर प्रत्येक माह में एक बार अथवा आवश्यकतानुसार सूचना देने के 24 घंटों के अन्दर संबंधित मशीनों का सर्विसिंग/मरम्मति करना अनिवार्य होगा।
7. AMC के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा, इस राशि का भुगतान विपत्र उपलब्ध कराने के उपरान्त आयकर TDS, GSTTDS इत्यादि की कटौती कर किया जायेगा।
8. निविदादाताओं को सभी प्रकार के Original/Genuine स्पेयर पार्टस एवं कंजुमेबूल्स मेटेरियल्स की ही आपूर्ति करनी होगी एवं मशीन में रिप्लेसमेंट/रिपेयर की जिम्मेवारी उनकी स्वयं पर होगी।
9. यदि मशीन में डुप्लीकेट स्पेयर पार्टस/कंजुमेबुल्स का उपयोग किया जायेगा तो मशीन में होनेवाली क्षति की भरपाई हेतु अग्रधन की राशि जब्त करते हुए, आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
10. निविदादाताओं को सभी प्रकार के कंजुमेबुल्स एवं नन कंजूमेबुल्स आईटम (स्पेयर पार्टस) का रेट चार्ट उपलब्ध करना अनिवार्य है।
11. उपरोक्त सभी सेवा शर्त्ते पूरा नहीं करने पर प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. निर्धारित दर पर आवश्यकतानुसार एक से अधिक एजेंसी से कार्य लिया जा सकता है।
13. बिना कोई कारण बताए निविदा को अंशतः अथवा पूर्णतः संशोधित स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा रद्द करने का अधिकार निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सुरक्षित होगा।
14. इस निविदा के संबंध में किसी प्रकार के वैधानिक मामले पटना शहर स्थित न्यायालय में उठाया जा सकता है।

15/9/21

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Kavita-Y-2021\Suman Ji\Tendar\Nivida 27-08-2021.Docx